तापमान
अधिकतम 23.0 डिग्री
न्यूनतम 10.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 26 दिसंबर 2025

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

12 केशकाल में सुशासन दिवस पर अटल परिसर ...



12 हत्या का फरार आरोपी गिरफ्तार...



# ठंड और धूल से लोगों को हो रही परेशानी, सांस की बीमारी बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर संभाग में इन दिनों कड़ाके की ठंड ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। इस मौसम में अब तक का सबसे कम तापमान दर्ज किया गया है।

अलग खबर

तापमान में हो रहे अचानक उतार-चढ़ाव का सीधा असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। ठंड बढ़ते ही सर्दी-खांसी, बुखार, सांस लेने में दिक्कत और फेफड़ों से जुड़ी बीमारियों के मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। शहर के सबसे बड़े महारानी अस्पताल में रोजाना 1200 से अधिक मरीज सर्दी, खांसी, वायरल फीवर और सांस संबंधी समस्याओं का इलाज कराने पहुंच रहे हैं। निजी अस्पतालों में भी इसी तरह के मामलों में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है।

ठंड के साथ-साथ शहर में धूल की समस्या भी गंभीर बनी हुई है। सड़कों पर चल रहे निर्माण कार्य, जर्जर रास्ते और भारी वाहनों की आवाजाही के कारण उड़ती धूल ने वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ा दिया है। इसका सीधा असर लोगों की सांस पर पड़ रहा है, एलर्जी, अस्थमा, खांसी, सांस फूलने और आंखों में जलन जैसी शिकायतें तेजी से बढ़ रही हैं।

## तापमान में हो रहे अचानक उतार-चढ़ाव का असर लोगों की सेहत पर

### ठंड में धूल ज्यादा घातक

विशेषज्ञ के अनुसार ठंड के मौसम में धूल के कण हवा में अधिक समय तक बने रहते हैं, जिससे उनका असर और घातक हो जाता है। ठंडी हवा वायुमार्ग को संकुचित कर देती है, ऐसे में अस्थमा के मरीजों पर इसका प्रभाव दोगुना हो जाता है। धूल में मौजूद डस्ट माइट्स, पराग कण और अन्य एलर्जेंस सांस की नली में सूजन पैदा करते हैं, जिससे एलर्जिक राइनाइटिस, साइनसाइटिस और अस्थमा अटैक का खतरा बढ़ जाता है। लंबे समय तक धूल के संपर्क में रहने से फेफड़ों को स्थायी नुकसान भी हो सकता है।



### सांस फूलने जैसी शिकायतें

शासकीय जिला महारानी अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. संजय प्रसाद ने बताया कि ठंड और धूल के कारण खासतौर पर बच्चे, बुजुर्ग और पहले से एलर्जी या अस्थमा से पीड़ित मरीज ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। अस्पतालों में पहुंच रहे मरीजों में लगातार छींक आना, नाक बहना, खांसी, गले में खराश, छाती में जकड़न, घर-घराहट, आंखों में जलन, बच्चों में साइनस संक्रमण और बुजुर्गों में अस्थमा अटैक एवं सांस फूलने जैसी शिकायतें सामने आ रही हैं।

## खबर संक्षेप

### सड़क चौड़ीकरण, उन्नयन का भूमिपूजन आज

**जगदलपुर।** शहर के चांदनी चौक से हनुमान मंदिर संजय मार्केट सड़क का चौड़ीकरण और मजबूतीकरण कार्य एवं डीजे कोर्ट से हाता ग्राउंड मार्ग का चौड़ीकरण, उन्नयन कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया जाएगा। हाता ग्राउंड में शुक्रवार की दोपहर 12.30 बजे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव द्वारा विकास कार्यों का भूमिपूजन किया जाएगा।

### फुटबाल स्पर्धा में धुरगुडा ने उपनपाल को 2-0 से हराया



**जगदलपुर।** नॉक आउट फुटबाल प्रतियोगिता में बुधवार को 2 मैच खेला गया। पहला मैच धुरगुड़ा विरुद्ध उपनपाल के मध्य खेला गया। जिसमे धुरगुडा ने 2-0 से विजय हासिल की। दूसरा मैच यंगस्टर विरुद्ध फुटबॉल एकेडमी के मध्य खेला गया। जिसमे फुटबॉल एकेडमी ने 3-2 से जीत हासिल किया। आज के मुख्य निर्णायक रेफरी राहुल लाल, अगेनद्र नाग, दीपक डहरिया, प्रदीप भारती, सूरज खरे, विक्की पोडल, मैच कमिश्नर विश्वजीत भट्टाचार्य उपस्थित थे। मैच के अतिथि राजेंद्र पटवा अध्यक्ष व्यापार कांग्रेस प्रकोष्ठ, आर वेणुगोपाल राव एवं यशवर्धन राव रहे एवं कमेटी के सदस्य उपस्थित थे।

### शिव सैनिकों ने फूंका मो. यूनुस का पुतला



**गीदम।** शिवसेना के कार्यकर्ताओं ने बस स्टैंड में गुरुवार को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष जगदीश दुबे ने बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसात्मक हमलों व नरसंहार की कड़ी निंदा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हिंदुओं की सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठाने की मांग की है। आगे उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के कट्टरपंथियों ने क्रूरता की सारी हदें पार कर दी हैं। बांग्लादेश के घुसपैठिए नाकाबिले बर्दाश्त हैं। पुतला दहन करने वालों में जगदीश दुबे जिला अध्यक्ष हर्ष तिवारी, नगर अध्यक्ष दंतेवाड़ा, हेमंत स्वामी, गोपाल कुंदन, राहुल, रिहान, गोपाल घोष, अभिषेक, हनुक चन्द्र कांत, चन्द्र भूषण अन्य शिवसैनिक उपस्थित थे।

### गढ़िया अटल चौक में वाजपेयी को किया नमन



**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने आज लोहण्डीगुड़ा मंडल के अंतर्गत गढ़िया चौक में भारत रत्न,पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर भाजपा कार्यकर्ता ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी और उन्हें याद किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मंगतु कश्यप और गढ़िया सरपंच भरत कश्यप ने उनके प्रेरक व्यक्तित्व और राष्ट्रभक्ति को स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया। कश्यप ने कहा कि ओजस्वी व्यक्तित्व के धनी अटल जी ने दिखाया कि राजनीति मर्यादा,संवाद और सेवा का साधन हो सकती है । उन्होंने कहा कि उनकी वाणी का ओज, विचारों की गहराई और लोकतंत्र के प्रति उनकी अटूट आस्था हम सबके लिए हमेशा पथप्रदर्शक बनी रहेगी।

## आयोजन: सांसद खेल महोत्सव का गरिमामय समापन

# सांसद ने विजेता खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत, कहा- राष्ट्र की ताकत बनें युवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

धरमपुरा स्थित क्रीड़ा परिसर में चल रहे सांसद खेल महोत्सव का बुधवार को समापन हुआ। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर आयोजित इस समारोह में मुख्य अतिथि सांसद महेश कश्यप ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान उन्होंने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका सुनिश्चित करने और खेलों के माध्यम से अपना भविष्य संवारने का मंत्र दिया।

समापन समारोह को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि आज देश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को सुना है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि वर्तमान सरकार युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने और खेलों को बढ़ावा देने संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य केवल प्रतियोगिता कराना नहीं, बल्कि सुदूर अंचलों से खेल प्रतिभाओं को तलाशना और तराशना है, ताकि वे भविष्य में बड़े मंचों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। खिलाड़ियों में जोश भरते हुए सांसद ने घोषणा की कि इस महोत्सव के अंतर्गत जल्द ही क्रिकेट और फुटबॉल की प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। सुशासन दिवस के अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री को याद करते हुए सांसद ने कहा कि अटल जी ने भारत को विकास की नई दिशा दी थी। छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण कर उन्होंने इस क्षेत्र की तस्वीर बदली, गांव-गांव में पक्की सड़कों का जाल बिछाया और पहली बार आदिवासियों के विकास के लिए पृथक मंत्रालय का गठन किया। इन्ही कार्यों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगे बढ़ा रहे हैं। चाहे ⏭ शेष पेज 12 पर

## अटल जी ने देश के विकास को नई दिशा दी थी: कश्यप



**विजेता पुरस्कृत:** कार्यक्रम के अंत में विजेता खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण समिति के सभापति बनवासी मौर्य, सभी जनपद पंचायत अध्यक्ष, कलेक्टर हरीश एस और जिला पंचायत सीईओप्रतीक जैन उपस्थित थे। साथ ही अपर कलेक्टर एवं खेल-युवा कल्याण विभाग के प्रभारी अधिकारी ऋषिकेश तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल, उपायुक्त आदिवासी विकास गणेश सोरी, सहायक खेल अधिकारी वेद प्रकाश सोनी सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, खेल प्रशिक्षक और बड़ी संख्या में खिलाड़ी मौजूद रहे।



सुरक्षा बलों की सतर्कता से बड़ी घटना टली

# दो आईईडी बरामद कर मौके पर किए गए नष्ट





हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

माओवादी विरोधी अभियान के तहत सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। एरिया डॉमिनेशन अभियान के दौरान केरिपु (सीआरपीएफ) 214 वाहिनी की टीम ने दो शक्तिशाली आईईडी बरामद कर समय रहते उन्हें नष्ट कर दिया, जिससे एक संभावित बड़ी घटना टल गई। जानकारी के अनुसार, केरिपु 214 वाहिनी की टीम एफओबी कांडलापर्ती-2 से गश्त एवं सर्च ऑपरेशन पर निकली थी।

अभियान के दौरान डिमाइनिंग करते समय वाहिनी की बीडीडी बॉम्ब डिस्पोजल दस्ते टीम ने 20 किलोग्राम और 5 किलोग्राम वजन के कुल दो आईईडी बरामद किए। इसके अलावा, काले तिरपाल में लिपटे एक कंटेनर से 110 सुतली बम पटाखे भी मिले। बरामद दोनों आईईडी को बीडीडी टीम ने सभी सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए मौके पर ही सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया। सुरक्षा बलों की सतर्कता, सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई से माओवादियों के नापाक मंसूबों को नाकाम कर दिया गया और क्षेत्र में शांति व सुरक्षा सुनिश्चित की गई।

# चर्चों में छत्तीसगढ़ व बस्तर में शांति अमन चैन की आराधना

## क्रिसमस पर्व पर केक काटे व लाल चर्च में फायर-शो



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

क्रिसमस पर चर्चों सहित लाल चर्च में फायर-शो का आयोजन सोशल कमेटी के अध्यक्ष मनीष सीरिल एवं सदस्यों द्वारा किया गया। जिसमें रंग बिरंगे फटाके लाल चर्च के ऊपर से छोड़े गए और शानदार आतिशबाजी की गई। सुबह 9 बजे क्रिसमस की आराधना प्रारंभ की गई।<

विभिन्न चर्चों के पास्टरगणों ने संचालन कर पूरे देश व छत्तीसगढ़ के लिए बस्तर के लिए शांति अमन चैन की विशेष आराधना की। लाल चर्च जो शहर का सबसे पुराना है में आराधना का संचालन रेव्ह. लॉरेंस दास द्वारा किया गया। आज का उपदेश बिशप एस सुना द्वारा दिया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ एवं बस्तर के अमन चैन के लिए प्रार्थना की गई। लाल चर्च में ही क्रिसमस केक काटा गया। चर्च में पहुंचे लोगों को केक वितरित किया गया। बाहर से आए हुए क्वायर द्वारा क्रिसमस के उपलक्ष में विशेष ⏭ शेष पेज 12 पर



### गौशाला में यीशु मसीह का हुआ था जन्म

प्रभु के जन्म का शुभ समाचार देने के लिए विभिन्न चर्चों द्वारा केरोल टीम बनाई गई थी। और यह केरोल टीम अपने चर्च के मसीह सदस्यों के घरों में जाकर प्रभु के जन्म का समाचार लोगों को क्रिसमस एवं नूतन वर्ष की शुभकामनाएं प्रदान कर रही थी। 24 दिसंबर की रात को शहर के विभिन्न चर्चों में ज्योति ने आराधना संपन्न की गई, जिसमें यीशु मसीह के बैतलहम नगर के गौशाले में जन्म लेने की दृश्य को दृश्यआंकित किया गया था और वह अद्भुत तारे का भी उसमें वर्णन किया गया था। ज्योतिषियों का भी उसमें और सराय का भी जिस सराय के गौशाला में जन्म लिया था यीशु मसीह उसका भी वर्णन किया गया था।



# लालबाग में अटल बिहारी बाजपेयी की प्रतिमा का हुआ अनावरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहर के लालबाग में गुरुवार को भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर मनाए जा रहे सुशासन दिवस के अवसर पर उनकी प्रतिमा का अनावरण किया गया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े रहे। इस अवसर पर बेवरेज कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रूप सिंह मंडावी, महापौर संजय पांडेय, सहकारी बैंक के उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा, पूर्व विधायक संतोष बाफना, लच्छू राम कश्यप, सुभाऊ कश्यप सहित अन्य उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं नागरिकों ने अटल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर



उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसी तरह नगर पंचायत बस्तर में भी प्रतिमा का अनावरण किया गया । कार्यक्रम में वक्ताओं ने अटल बिहारी बाजपेयी के राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को याद करते हुए कहा कि वे एक दूरदर्शी नेता, प्रखर वक्ता और संवेदनशील राजनेता थे। उनका जीवन लोकतांत्रिक मूल्यों, सुशासन और राष्ट्रीय एकता के लिए समर्पित रहा। प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में नागरिक, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं युवा उपस्थित ⏭ शेष पेज 12 पर

# बस्तर की महिलाओं के हाथ में बाजार की चाबी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर





बस्तर संभाग की स्वसहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को पारंपरिक उत्पादन से आगे बढ़कर आधुनिक बाजार की समझ देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत दो दिवसीय मार्केटप्लेस साक्षरता कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। यह कार्यशाला महिलाओं को व्यवसाय की बारीकियों, मूल्य निर्धारण,ग्राहक व्यवहार और बाजार तक पहुंच जैसे व्यापक पक्षों से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित की गई है।

शहीद गुंडाधुर कृषि महाविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यशाला में बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों से आई करीब 400 स्वसहायता समूह की महिलाओं ने सहभागिता की। आयोजन का उद्देश्य केवल उत्पादन तक सीमित न रहकर महिलाओं को यह समझ देना है कि किस प्रकार सही बाजार, सही दाम और सही रणनीति से उनके उत्पाद आजीविका का सशक्त साधन बन सकते हैं। कार्यशाला को एक दीर्घकालिक सामाजिक-आर्थिक अभियान के रूप में देखा जा रहा है, जिसके माध्यम से बस्तर की महिलाओं में आत्मविश्वास,उद्यमशीलता और स्वावलंबन की भावना को मजबूत किया जा सके। सीमित बाजार और जानकारी की कमी से जूझ रहे बस्तर क्षेत्र के लिए यह पहल स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने वाली मानी जा रही है। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बस्तर की पारंपरिक आर्थिक संरचना, वस्तु विनिमय की संस्कृति और स्थानीय उत्पादों की संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। यह बताया गया कि बस्तर के पारंपरिक उत्पाद-यदि सही व्यापारिक मॉडल, ब्रांडिंग और मार्केटिंग से जोड़े जाएं,तो राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपनी पहचान बना सकते हैं। इस अवसर पर यह भी रेखांकित किया गया कि केवल उत्पादन ⏭ शेष पेज 12 पर

## एडवेंचर पार्क को मजबूती देखने पहुंचे रायपुर से 4 तकनीशियन

# नए साल में लोग व पर्यटक ले सकेंगे एडवेंचर स्पोर्ट्स का मजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

संभागीय मुख्यालय के निकट स्थित लमनी पार्क हरियाली और प्राकृतिक नजारों से घिरा एक मनोरम पार्क है, यह पर्यटकों को विश्राम और प्रकृति की सैर के लिए एक शांत वातावरण प्रदान करता है। इस पार्क में पैदल मार्ग, पिकनिक स्थल और विभिन्न प्रकार की वनस्पतियां और जीव-जंतु हैं, जो इसे शहरी जीवन की भागदौड़ से दूर एक सुंदर विश्राम स्थल बनाते हैं।

पार्क का शांत वातावरण स्थानीय लोगों और पर्यटकों, दोनों को आकर्षित करता है, जिससे यह प्रकृति के साथ जुड़ाव की तलाश में घूमने-फिरने के शौकीनों के लिए बेस्ट टूरिस्ट डेस्टिनेशन बन गया है। इसी में स्थित एडवेंचर पार्क को वन विभाग नए साल में ही शुरू करेगा। इसलिए एडवेंचर पार्क की मजबूती देखने के लिए रायपुर से गुरूवार को 4 तकनीशियन पहुंचे और एडवेंचर को देखा। एडवेंचर स्पोर्ट्स का







अवलोकन एवं निरीक्षण करने के बाद कहा मजबूत है। नए साल से लोग एडवेंचर स्पोर्ट्स का मजा ले सकेंगे। तकनीशियनों के साथ पार्क में वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता, एसडीओ देवलाल दुग्गा, परिक्षेत्र अधिकारी देवेन्द्र सिंह वर्मा, पार्क के प्रभारी रूकमणी नाग आदि शामिल रहे।

### पर्यटकों को लुभा रहा लामनी पार्क

बस्तर अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए पूरे विश्व में प्रसिद्ध है, यहां की सुंदरता को निहारने के लिए देश और विदेश से लोग आते हैं। बस्तर में आने वाले पर्यटकों को लुभाने के लिए जगदलपुर शहर से थोड़ी दूर पर लामनी पार्क वन विभाग ने डेवलप किया। प्राकृतिक रुप से डेवलप किए गए पार्क की सुंदरता को निहारने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं।

### सहायता समूह को दी जिम्मेदारी

वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि लोगों एवं पर्यटकों को सुविधा एवं एडवेंचर स्पोर्ट्स का मजा लेने के लिए नए साल में एडवेंचर पार्क शुरू किया जाएगा। एडवेंचर पार्क को स्व-सहायता समूह की महिलाओं को जिम्मेदारी दी गई है।

**खबर संक्षेप**

## श्रमिकों के पंजीयन के लिए माकड़ी में शिविर 29 को

**कोण्डागांव।** श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों को शासकीय योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कोण्डागांव विकासखण्ड के ग्राम पंचायत माकड़ी में 29 दिसंबर को विशेष श्रमिक पंजीयन शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के दौरान निर्माण श्रमिकों एवं असंगठित कर्मकारों का नया पंजीयन, नवीनीकरण तथा विभागीय योजनाओं के आवेदन प्राप्त कर उनका निराकरण किया जाएगा। पंजीयन एवं नवीनीकरण के लिए श्रमिकों को आधार कार्ड परिवार के सभी सदस्यों का, राशन कार्ड, बैंक पासबुक एवं मोबाइल फोन साथ लाना अनिवार्य होगा। वहीं असंगठित कर्मकारों के पंजीयन हेतु आय प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा। श्रम विभाग ने क्षेत्र के सभी पात्र श्रमिकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि को शिविर में उपस्थित होकर पंजीयन कराएं और शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।

## आपदा पीड़ित वारिसों को चार लाख की आर्थिक सहायता

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नुपुर राशि पन्ना द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6–4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा पीड़ित के वारिसों को 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान की गयी। कलेक्टर द्वारा माकड़ी तहसील के ग्राम तमरावण्ड निवासी भवानी की सर्पदंश मृत्यु होने पर माता प्रेमबती, पिता जगदेव, भाई बलराम, भवन, बहन संध्या को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गयी है। उक्त स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि सम्बन्धित वारिसों के बैंक खाते में हस्तांतरित करने के निर्देश सम्बन्धित तहसीलदार को दिए गए हैं।

## उद्योग उन्नयन योजना उद्यमियों को मिलेगा संबल

**कोण्डागांव।** केंद्र सरकार द्वारा सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना संचालित की जा रही है। इस योजना का क्रियान्वयन जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कोंडागांव के माध्यम से किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत कृषक उत्पादक संगठन, स्व सहायता समूह, उत्पाद सहकारिताएं एवं सहकारी समितियों को उनकी सम्पूर्ण मूल्य श्रृंखला में साझा सेवाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। इस योजना के तहत हालर मिल, गुड़ निर्माण, मिनी राइस मिल, मसाला उद्योग, आटा चक्की, पोहा मिल, बेसन निर्माण, नमकीन, पापड़ बेकरी, चिप्स, रेवड़ी, ब्रेड, मिठाई, गुपचुप, लड्डू, रेडी–टू–ईट उत्पाद जैसे अनेक खाद्य प्रसंस्करण उद्यम स्थापित किए जा सकते हैं। योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजना लागत पर 35 प्रतिशत तक अनुदान प्रदान किया जाता है, जिसकी अधिकतम सीमा 10 लाख रुपये निर्धारित है। स्थानीय रोजगार और आत्मनिर्भरता को मिलेगा बढ़ावा – यह योजना स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन के साथ–साथ उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रही है।

## पैसे मांगने का आरोप तहसीलदार से शिकायत

**केशकाल।** जिले के केशकाल तहसील अंतर्गत हल्का पटवारी क्रमांक 17 पर भूमि नापी एवं पट्टा निर्माण के नाम पर अवैध रूप से राशि वसूलने का आरोप लगा है। इस संबंध में पीड़िता मेहरून्न बानो, निवासी केशकाल ने तहसीलदार केशकाल को लिखित शिकायत सौंपते हुए जांच एवं कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार मेहरून्न बानो द्वारा अपने खसरा नंबर 26/139 की भूमि नापी एवं पट्टा निर्माण हेतु हल्का पटवारी से संपर्क किया गया था। आरोप है कि पटवारी द्वारा उक्त कार्य के लिए 10 हजार की मांग की गई। जिसमें से 5 हजार रुपए पहले ही ले लिया गया है। इस पर तहसीलदार गणेश सिरदार ने कहा है कि संबंधित पटवारी को नोटिस जारी किया गया है। पीड़ित और पटवारी को 26 तारीख को उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। पटवारी अश्वनी नाग का कहना है कि उनके ऊपर लगाए गए आरोप निराधार हैं।

# किसान दिवस पर 16 ग्रामों के किसानों ने मनाया सामूहिक उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

एचडीएफसी बैंक परिवर्तन एवं अंबुजा फाउंडेशन के माध्यम से संचालित समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अंतर्गत किसान दिवस के अवसर पर 16 ग्रामों के किसानों के साथ भव्य आयोजन किया गया। चौधरी चरण सिंह की जयंती पर मनाए जाने वाले किसान दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए किसानों को कृषि नवाचार, आत्मनिर्भरता और टिकाऊ खेती की दिशा में प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों के योगदान को सम्मानित करना और उनकी समस्याओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। किसानों ने अपनी सफल कृषि कहानियाँ और अनुभव साझा किए।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को सम्मानित किया गया, जिससे अन्य किसानों को भी प्रेरणा मिली। एचडीएफसी बैंक के क्लस्टर हेड चंद्रशेखर राय ने कहा कि आज के युग में खेती ही किसान की असली ताकत है और किसानी से जुड़ाव आत्मनिर्भरता का आधार है। उद्यानिकी विभाग के उद्यान अधीक्षक लोकेश्वर प्रसाद ध्रुव ने सही बीज चयन, रासायनमुक्त खेती, मिट्टी संरक्षण और सरकारी योजनाओं की पहुंच जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया। सफल किसानों से संवाद कर व्यावहारिक अनुभव साझा किए गए।

### एचडीएफसी बैंक परिवर्तन एवं अंबुजा फाउंडेशन की पहल, नवाचार और आत्मनिर्भरता पर जोर

#### आय वृद्धि और सशक्तिकरण पर फोकस

*कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य किसानों को योजनाओं, नई तकनीकों और उन्नत कृषि पद्धतियों से जोड़कर उनकी आय में वृद्धि करना रहा। आयोजन ने किसानों को सम्मान के साथ भविष्य की चुनौतियों के लिए सशक्त बनाया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य श्रीमती लीलावती नाग, सरपंच श्रीमती शकीला पोयाम, उपसरपंच सहदेव पोयाम, एचडीएफसी बैंक शाखा प्रबंधक दीपेश शर्मा, परियोजना प्रबंधक योगेश मगदुम, नेहा कुशवाहा, स्वयंसेवक एवं 16 ग्रामों के किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।*



**आयोजन :** विधायक टेकाम सहित अन्य स्थल पर रहे मौजूद

# केशकाल में सुशासन दिवस पर अटल परिसर का मुख्यमंत्री साय ने किया वर्चुअल उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

25 दिसंबर अटल बिहारी वाजपेई के शताब्दी वर्ष व सुशासन दिवस के अवसर पर पुराना बस स्टैंड में नवनिर्मित अटल परिसर का वर्चुअल उद्घाटन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया। इस अवसर पर केशकाल के विधायक नीलकंठ टेकाम नगर पंचायत केशकाल के अध्यक्ष बिहारी लाल सोरी, उपाध्यक्ष भूपेश सिन्हा, नगर पंचायत के पार्षद, वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष कटारिया जिला उपाध्यक्ष भाजपा आकाश मेहता, मंडल महामंत्री एवं अन्य कार्यकर्ता एवं नगर वासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### अटल बिहारी बाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण



**फरसगांव।** भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101 जयंती पर 25 दिसम्बर को नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 09 के भीमा तालाब के पास बने नवनिर्मित अटल परिसर का लोकार्पण और पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और नगरवासियों की उपस्थिति में किया गया। प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक नीलकंठ टेकाम भी शामिल हुए। लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक नीलकंठ टेकाम ने कहा भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने हमें छत्तीसगढ़ राज्य का सौभाग्य दिया। आज उनकी 101 जयंती के अवसर पर जिले में तीन स्थानों पर अटल परिसरों का लोकार्पण किया गया है। साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का भी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वर्चुअल लोकार्पण किया गया है। एक साथ संकल्प स्थल के रूप में फरसगांव में प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने ने कहा विकसित भारत की जो कल्पना है, विकसित छत्तीसगढ़ राज्य की जो कल्पना है और एक विकसित नगर की जो कल्पना है उसके लिए आज का यह दिन मिल का पत्थर साबित होगा।

**ये रहे उपस्थित**-इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र, उपाध्यक्ष मुलचंद पांडे, भाजपा जिलाध्यक्ष सेवक राम नेताम, महामंत्री विजय पोया, ग्राम पटेल पनकू नेताम, गायता हेमलाल, पार्षद श्रीमती संगीता प्रवीण राव, विनोद पांडे, नरेन्द गौर, पूर्व उपाध्यक्ष गणेश जायसवाल, फरसगांव भाजपा मंडल अध्यक्ष धनराज पांडेय, उपाध्यक्ष मुकेश पांडे, महामंत्री प्रवीण राव, देवेंद्र निषाद, हितेश साहू, एसडीएम अश्वन कुमार पुसाम, सीएमओ मयंक बसंतवानी, गौरव साव, प्रेम नाग, विभा राजपूत, जितेंद्र यादव, लता सेठिया समेत नगरवासी मौजूद रहे।



### ग्राम पंचायत हरवेल में मनाया गया सुशासन दिवस

**कोण्डागांव।** जिले के बड़ेराजपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत हरवेल के अटल चौक में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री व भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर सुशासन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्व. वाजपेयी की प्रतिमा पर चंदन, अगरबत्ती एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई तथा विधिवत पूजा–अर्चना की गई। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने पूर्व पीएम के वाजपेयी के जीवन, विचारों और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। साथ ही सुशासन, पारदर्शिता और जनसेवा के मूल्यों को आत्मसात करने की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत हरवेल के सरपंच महेश नेताम, जनपद सदस्य प्रतिनिधि दिनेश मरकाम, पंचगण हरिलाल मंडावी, गोविंद मंडावी, अघन मंडावी, सुकमन पटेल, रामप्रसाद नेताम, पप्पू मरकाम, सोबी मंडावी, महेश मरकाम, पिलसिंह मरकाम सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम ग्रामवासियों की सहभागिता के साथ श्रद्धा, सम्मान और राष्ट्रभक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ।



## हत्या का फरार आरोपी गिरफ्तार, जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल/विश्रामपुरी

जिले के विश्रामपुरी थाना क्षेत्र के ग्राम चनाभर्री के जंगल में 6 दिसंबर को मिली सिरकटी लाश के मामले में फरार आरोपी के पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। लछिन्दर पांडे निवासी ग्राम बाड़ागाँव के साथ हुए मामूली विवाद के चलते हत्या के मामले में विश्रामपुरी पुलिस व सायबर सेल की टीम ने 8 दिसंबर को मुख्य आरोपी श्यामलाल नेताम को गिरफ्तार कर लिया था। वही उसका छोटा भाई रामू नेताम घटना दिनांक से लगातार फरार चल रहा था। रामू नेताम को 24 दिसंबर को धमतरी जिले के खैरभर्री गांव से गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी से हुई पूछताछ में उसने अपने बड़े भाई श्यामलाल के साथ मिलकर लछिन्दर पांडे की हत्या करना स्वीकार किया है। आरोपी रामू नेताम पिता गंगाराम नेताम उम्र 24 वर्ष निवासी कुररूभाट थाना विश्रामपुरी को विधिवत गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में पेश किया गया। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

**कार्रवाई में इनकी रही अहम भूमिका**–सम्पूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी उ.नि. विनोद नेताम, सउनि. रमेष निषाद, प्रधान आर. मंगेश मंडावी, सियाराम मरापी, आर. जम्मू मरकाम, रमेष नेताम एवं शिवनाथ बर्वे का विशेष योगदान

# जिले में 11.56 लाख क्विंटल से अधिक धान की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 के अंतर्गत जिले में धान खरीदी का कार्य लगातार सुचारू रूप से किया जा रहा है। किसानों को अपनी उपज विक्रय में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए शासन द्वारा समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं।

धान खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए उपार्जन केन्द्रों में इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्र, आद्रता मापक यंत्र सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे किसानों को सही तौल एवं गुणवत्ता के अनुसार लाभ मिल सके। खाद्य अधिकारी नवीन श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि मंगलवार की स्थिति में जिले के विभिन्न उपार्जन केन्द्रों से कुल 11 लाख 56 हजार 634 क्विंटल धान का उपार्जन किया जा चुका है।

**प्रमुख उपार्जन केन्द्रों में सर्वाधिक खरीदी** – जिले के उपार्जन केन्द्रों में सबसे अधिक धान खरीदी विश्रामपुरी 36,274 क्विंटल, बहीगांव 35,234 क्विंटल, सलना 33,262 क्विंटल, गम्हरी 32,914 क्विंटल, अरण्डी 31,310 क्विंटल। प्रशासन द्वारा किसानों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए खरीदी कार्य को व्यवस्थित एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न किया जा रहा है, ताकि सभी पंजी—त किसानों को समय पर उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके।



# वृद्धजन व दिव्यांगजनों को शाल श्रीफल व सहायक उपकरण दिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत रजत महोत्सव के अवसर पर जनपद पंचायत माकड़ी के ग्राम पंचायत माकड़ी में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत माकड़ी क्षेत्र के वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। दिव्यांगजनों को आवश्यक सहायक उपकरण भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जुगबती पोयाम उपस्थित रहीं। उनके साथ उपाध्यक्ष बैशाखू राम कोर्राम, जनपद सदस्य श्रीमती विद्या नेताम, श्रीमती पूजा शर्मा, श्रीमती निलिमा प्रभाकर सहित ग्राम सरपंच एवं पंचगण मौजूद रहे। इस अवसर पर जनपद पंचायत क्षेत्र के 10 वृद्धजनों का डी.एल.सी. डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट कार्य भी पूर्ण कराया गया। साथ ही समाज कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई तथा नशा मुक्ति से होने वाले दुष्परिणामों के संबंध में जागरूक किया गया।

**इन उपकरणों का किया वितरण**– सम्मान समारोह के दौरान 85 वृद्धजनों को छड़ी, 10 बैसाखी, 30 श्रवण यंत्र, 15 ट्राइसाइकिल, 6 व्हीलचेयर तथा 10 मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल वितरित की गईं। सहायक उपकरण पाकर हितग्राहियों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली। कार्यक्रम में लाभान्वित वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों ने शासन–प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग की अधिकारी श्रीमती ललिता लकड़ा, जनपद पंचायत माकड़ी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र ध्रुव डे सहित विभागीय कर्मचारी, मितानीन एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।




**न्यायालय तहसीलदार तोकापाल**
**जिला बस्तर छ.ग.**
रा.प्र.क्र. / क / तह. / 2024-25
तोकापाल दिनांक, 22/12 /2025

**– उद्घोषणा –**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका पाकली कश्यप पति गुदराम कश्यप जाति लोहार निवासी ग्राम सिंगनपुर तहसील तोकापाल जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा मेरे न्यायालय में मृत्यु पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें आवेदक अपने पुत्र स्व. संतो कश्यप पिता गुदराम मृत्यु तिथि 26/12/21 दर्शाया गया है। ग्राम पंचायत सिंगनपुर के अंतर्गत है यह उद्घोषणा ग्राम पंचायत के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात् उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में मृत्यु तिथि के संबंध में किसी व्यक्ति/ग्रामवासी/पंचायत को किसी भी तरह कोई आपत्ति है तो वह न्यायालय की पेशी तिथि 05/01/2026 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। पेशी पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

उद्घोषणा आज दिनांक 22/12/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
पेशी दिनांक 05/01/2026

मुहर — **तहसीलदार तोकापाल**

**न्यायालय तहसीलदार तोकापाल**
**जिला बस्तर छ.ग.**
रा.प्र.क्र. / क / तह. / 2024-25
तोकापाल दिनांक, 19/12 /2025

**– उद्घोषणा –**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक बोंगूराम नाग पिता सकरू नाग जाति धुरवा निवासी ग्राम भडिसगांव तहसील तोकापाल जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा मेरे न्यायालय में मृत्यु पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें आवेदक अपने पिता स्व. सकरू पिता टाडरू मृत्यु तिथि 27/02/2020 दर्शाया गया है। ग्राम पंचायत भडिसगांव के अंतर्गत है यह उद्घोषणा ग्राम पंचायत के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात् उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में मृत्यु तिथि के संबंध में किसी व्यक्ति/ग्रामवासी/पंचायत को किसी भी तरह कोई आपत्ति है तो वह न्यायालय की पेशी तिथि 02/01/2026 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। पेशी पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

उद्घोषणा आज दिनांक 19/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
पेशी दिनांक 02/01/2026

मुहर — **तहसीलदार तोकापाल**

**न्यायालय तहसीलदार तोकापाल**
**जिला बस्तर छ.ग.**
रा.प्र.क्र. / क / तह. / 2024-25
तोकापाल दिनांक, 24/12 /2025

**– उद्घोषणा –**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका देवली बघेल पति गोंचू बघेल जाति मुरिया निवासी ग्राम पोटानार तहसील तोकापाल जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा मेरे न्यायालय में मृत्यु पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें आवेदक अपने पुत्र/पुत्री/दादा/दादी/नाना/नानी/माता/पिता/पति/पत्नी/भाई/बहन श्रीमती रूंजी पति खुटी मृत्यु तिथि 03/09/2023 दर्शाया गया है। ग्राम पंचायत पोटानार के अंतर्गत है यह उद्घोषणा ग्राम पंचायत के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात् उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में मृत्यु तिथि के संबंध में किसी व्यक्ति/ग्रामवासी/पंचायत को किसी भी तरह कोई आपत्ति है तो वह न्यायालय की पेशी तिथि 07/01/2026 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। पेशी पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

उद्घोषणा आज दिनांक 24/12/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
पेशी दिनांक 07/01/2026

मुहर — **तहसीलदार तोकापाल**

## पेज 11 के शेष

**सांसद ने विजेता....**
जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाना हो, पूर्वोत्तर से अलगाववाद खत्म करना हो या देश को नक्सलवाद से मुक्त करना हो, मोदी सरकार ने ऐतिहासिक कार्य किए हैं। युवाओं को प्रेरित करते हुए कश्यप ने कहा कि हमें अपने महापुरुषों एवं पुरखों से प्रेरणा लेनी चाहिए और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाना होगा। उन्होंने उपस्थित खिलाड़ियों से कहा कि आपकी यह उम्र आपको बहुत कुछ बना सकती है। सरकार आपको सही दिशा और आवश्यक सहायता देने के लिए तत्पर है, आप बस आगे बढ़ें और देश का नाम रोशन करें।

**चर्चों में छत्तीसगढ़ ...**
गीत गाए गए। साथ-साथ लोकल प्रिचरों द्वारा भी विशेष गीत गाए गए, अर्पण की विधि भी अपनाई ग।, इस तरह से क्रिसमस की आराधना भली-भांति शांतिपूर्वक संपन्न की गई। दिसंबर का महीना मसीह विश्वासियों के लिए एक बडा महापर्व माना जाता है दिसंबर सप्ताह के पहले रविवार को आगमन का पहला रविवार मानकर चर्च में नीली मोमबत्तियां पूरे 4 हफ्ते तक जलाई जाती है पूरे दिसंबर के महीने में विभिन्न कार्यक्रम विभिन्न योजनाएं क्रिसमस को मनाने के लिए बनाई जाती है। छत्तीसगढ़ क्रिश्चियन फोरम के प्रदेश उपाध्यक्ष रत्नेश बेंजामिन ने बताया कि विभिन्न चर्चों की समितियां द्वारा खेलकूद का भी आयोजन किया गया है।

**बस्तर की महिलाओं ...**
ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि ग्राहक की सोच,उत्पाद की गुणवत्ता, मूल्य निर्धारण, मुनाफा-नुकसान और बाजार की मांग को समझना भी उतना ही आवश्यक है। महिलाओं को यह संदेश दिया गया कि स्वरोजगार की दिशा में उठाया गया यह कदम उनके लिए दीर्घकालिक निवेश सिद्ध हो सकता है।

**लालबाग में अटल ...**
रहे। सभी ने उनके विचारों को आत्मसात करने और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

हरिभूमि 24th Years ANNIVERSARY

जनहित के मुद्दों एवं जनमानस की समस्या को
प्रमुखता से स्थान देने वाले समाचार पत्र

हरिभूमि

के 24वें स्थापना दिवस पर समस्त पाठकों एवं
संवाददाताओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

यह नव वर्ष आपके जीवन को सुख, शांति, समृद्धि और
अपार खुशियों से भर दे। आने वाला हर दिन नई ऊर्जा और
सफलता लेकर आए।

नूतन वर्ष 2026 की समस्त बस्तरवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएँ



श्री लच्छूराम कश्यप
पूर्व विधायक

श्रीमती पदमा कश्यप
अध्यक्ष, जनपद पंचायत लोहण्डीगुड़ा

श्री चंद्रभान कश्यप
जिला पंचायत सदस्य
क्षेत्र क्रं-15 लोहण्डीगुड़ा

जनपद सदस्यगण

तनुजा ठाकुर, दशमती कश्यप, बसंत कश्यप, कलम सिंग, मनीष पोयाम,
हिड़मोराम मण्डावी, पदमनी कश्यप, मालती बैज,इच्छाबती कश्यप,
विद्याधर नाग, लक्ष्मण करटामी, जानकी नाग

विनीत- लोहण्डीगुड़ा विकासखंड के समस्त ग्रामवासी

## खबर संक्षेप

### 2 उप-स्वास्थ्य केंद्रों को एनक्यूएएस प्रमाणन प्राप्त



**दंतेवाड़ा।** स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले के 2 उप स्वास्थ्य केन्द्रों बड़े बचेली एवं उप-स्वास्थ्य केंद्र मैलावाड़ा को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक एनक्यूएएस प्रमाणन प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि जिले में गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित एवं मरीज-केंद्रित स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के साथ-साथ जिला स्वाास्थ्य विभाग के समन्वित टीमवर्क, सतत मार्गदर्शन एवं निरंतर प्रयासों का परिणाम है।
स्वास्थ्य विभाग के जिला कार्यक्रम प्रबंधक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के प्रभावी समन्वय तथा स्वास्थ्य विभाग की समस्त टीम के तकनीकी एवं प्रशिक्षण सहयोग से यह उपलब्धि अर्जित की गई है। इसके लिए जिला चिकित्सालय के टीम द्वारा उप-स्वास्थ्य केंद्र बड़े बचेली एवं मैलावाड़ा के समस्त चिकित्सा अधिकारी, एएनएम, स्टाफ नर्स, आशा कार्यकर्ता एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन एवं गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता को सराहनीय बताया गया है।

### किरंदुल परियोजना प्लेटिनम अवार्ड से सम्मानित



**किरंदुल।** बैलाडीला आयरन ओर माइन किरंदुल कॉम्प्लेक्स को ऑनर एक्सलेंस अवार्ड नई दिल्ली द्वारा आयोजित समारोह में ऑनर एनवायरमेंट एक्सलेंस अवार्ड मेटल और माइनिंग सेक्टर के अंतर्गत प्लेटिनम अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही प्रतिष्ठित पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा पर सम्मेलन भी आयोजित किया गया। यह अवार्ड किरंदुल परियोजना प्रमुख रवीन्द्र नारायण, अधिशासी निदेशक और अवनीश शर्मा, उप महाप्रबंधक द्वारा एबी शिवाने, लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) पीवीसीएम, एवीसीएम, वीएसएम, पूर्व निदेशक, जनरल मैकेनाइज्ड फोर्सेस और स्ट्राइक कॉर्प्स कमांडर, भारतीय सेना से प्राप्त किया।

## निधन

### बसंत श्रीवास्तव

**जगदलपुर।** शहर के धरमपुरा स्थित आशियाना के पीछे निवासरत



वरिष्ठ अधिवक्ता बसंत श्रीवास्तव का गुरूवार की अलसुबह रायपुर में इलाज के दौरान निधन हो गया, वे लगभग 58 वर्ष के थे, वे बीते कुछ दिनों से बीमार थे। वे शिक्षिका रेणु श्रीवास्तव के पति, वरिष्ठ पत्रकार सत्यनारायण पाठक के बहनोई, रश्मि एवं गोल्डी के पिता और रवि सहाय भटनागर के ससुर थे। उनका अंतिम संस्कार खड़कघाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया।

## भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण

# अटल के बताए मार्ग पर चलने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

नगर के वार्ड क्रमांक 3 सांस्कृतिक भवन के सामने भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर मनाए जा रहे सुशासन दिवस के अवसर पर उनकी प्रतिमा का अनावरण किया गया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े रहे। इस अवसर पर नगर पंचायत गीदम अध्यक्ष रजनीश सुराना, उपाध्यक्ष माधुरी गुप्ता व नगर पंचायत के अन्य पार्षदगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने अटल बिहारी बाजपेयी के राष्ट्र निर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान को याद करते हुए कहा कि वे एक दूरदर्शी



नेता, प्रखर वक्ता और संवेदनशील राजनेता थे। उनका जीवन लोकतांत्रिक मूल्यों, सुशासन और राष्ट्रीय एकता के लिए समर्पित रहा। प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं युवा उपस्थित रहे। सभी ने अटल के विचारों को आत्मसात करने और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## बारसूर में सुशासन दिवस व अटल परिसर का लोकार्पण

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती पर गीदम ब्लॉक के नगर पंचायत बारसूर में सुशासन दिवस व अटल परिसर का वर्चुअल के माध्यम से लोकार्पण का कार्यक्रम वार्ड क्रमांक 2 ऑक्सीजन पार्क में किया गया। सुशासन दिवस व अटल परिसर का वर्चुअल के माध्यम से लोकार्पण मुख्यमंत्री ने किया। इस कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष दन्तेवाड़ा संतोष गुप्ता, नगर पंचायत अध्यक्ष सुभद्रा नेगी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष दिनेश्वरी मांझी, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष अभिमन्यु सोनी, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री अन्ती वेक, छिंदनार सरपंच संध्या शुक्ला, भाजपा मण्डल अध्यक्ष वैसुराम मण्डावी, मण्डल महामंत्री भुवनेश्वर भारद्वाज, विधायक प्रतिनिधि राजेश



कुमार नाग, पार्षद बद्रीनाथ पुजारी, गीता बघेल, बुधनी बाई नाग, विजयश्री पुजारी, अनत कुमार कश्यप, हितेश सिन्हा, संगीता पुजारी, जसवीर नेगी एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी गिरीश तिवारी, उप अभियंता एवं समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## बुजुर्गों का किया गया सम्मान



**तोकापाल।** ब्लॉक मुख्यालय तोकापाल ग्राम पंचायत बेडागुड़ा के सरपंच सोनादाई कश्यप, उपसरपंच रैबारी बघेल, पंच फूलों बघेल और पंचगणो के साथ सभी ने मिलकर सीनियर सिटीजन और बुजुर्गों को श्रीफल और साल भेंट कर सम्मान किया गया। जिसमें बेड़ागुड़ा पंचायत के शीतलहर को देखते हुए सभी को सम्मान करने व श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई की स्मृति को समर्पित एक ऐतिहासिक पल को याद कर उनके जन्म शताब्दी वर्ष के रूप में मनाया गया। जो कि इसमें ग्रामीणों के साथ जनप्रतिनिधि एवं जनता के साथ सरपंच सोनादाई ने सभी को साथ लेकर चलने का निर्णय और अटल बिहारी वाजपेई के जन्मोत्सव को बड़ी धूमधाम से बनाने हेतु सभी को आग्रह किया। इस गौरव पूर्ण क्षण में राज्य निर्माता अटल बिहारी बाजपेई की स्मृति को छत्तीसगढ़ कभी नहीं भूल सकता है । जो हमारे ग्राम पंचायत बेड़ागुड़ा में इनका सम्मानित पहल है । ग्राम पंचायत बेडागुड़ा के सरपंच सोनादाई के प्रयास से प्रत्येक बुजुर्ग को आराम और प्रत्येक घर तक पहुंचना उनका लक्ष्य के आधार पर अटल बिहारी वाजपेई के जन्मोत्सव को बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

## भाजपाइयों ने मनाई 101वीं जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

नगर पंचायत बस्तर के वार्ड क्रमांक 4 में भारत रत्न स्व. पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के 101वीं जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा का अनावरण किया गया। राजधानी रायपुर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश के नगरीय निकायों में अनावरण एक साथ हुआ।

नगर पंचायत बस्तर में मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष देवकी भद्रे, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप एवं पार्षदों की उपस्थिति में अटल परिसर का विधिवत अनावरण किया गया। इस दौरान अतिथियों ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जीवनी पर प्रकाश डाला। मुख्य नगर पालिका अधिकारी तरुण पाल लहरे ने जानकारी देते हुए बताया कि 20 लाख रुपए की लागत से मूर्ति एवं अटल परिसर का निर्माण किया गया। कार्यक्रम का समापन में आशीष मिश्रा के द्वारा करते हुए इस चौराहे का नाम अटल चौक रखने की उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी कर्मचारियों को बात रखी गई। जिस पर नगर पंचायत में प्रस्ताव पारित करने की बात कही गई। इस दौरान भाजपा को वरिष्ठ नेता रामानंद मिश्रा, व्हीएस राजपूत,नेता प्रतिपक्ष समीर मिश्रा, पार्षद नरसिंग नागेश, भागीरथी यादव, सीताराम बघेल, बंशी कश्यप, आशावती बघेल, मंगलराम बघेल, फूलसिंह मौर्य, नरेंद्र जोशी, किरण सेठिया, राकेश ठाकुर, नारायण ठाकुर, सदा ठाकुर, सुस्मिता मिस्त्री, बसन्ती पटेल, चंदन झा, अनिल जायसवाल सहित एबीईओ सुशील तिवारी, चंद्रभान मिश्रा, राकेश अग्रवाणी, जकतार लाल साहू, रामदास कश्यप, रितेश दास सहित बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए।

## चंदिया मेमोरियल मेथाडिस्ट चर्च में प्रभु की आराधना





हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहर के चंदिया मेमोरियल मेथाडिस्ट चर्च में गुरूवार को क्रिसमस की आराधना की गई, इसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। जिसमें महिला समिति के महिलाओं और क्वायर द्वारा विशेष

- क्रिसमस पर्व पर केक वितरित कर कलीसिया के साथ मनाई खुशियां

गीत गाया गया। जितेंद्र सिंह एवं राजन डेविड द्वारा विशेष गीतों को गाकर प्रभु की आराधना की गई। मुख्य वक्ता डीएस रेव्ह. आर. नाथ की ओर से ख्रीस्त जन्मोत्सव आनंद के विषय में संदेश दिया और यीशु मसीह दुनिया में संपूर्ण मानव जाति के उद्धार, मुक्ति, प्रेम और शांति के लिए जन्म लिया गडरिया एवं ज्योतिषियों ने भी यीशु के दर्शन कर अपना-अपना भेंट अर्पण किया और आनंद से भरकर प्रभु की महिमा की। आराधना की अगुवाई रेव्ह. युसूफ सिंह द्वारा की गई और अंत में डीएस रेव्ह रविंद्र नाथ द्वारा आशीष वचन देकर सभा समाप्त की गई। साथ ही उन्होंने कलीसिया से निवेदन किया कि 28 दिसंबर को क्रिसमस महारैली में सभी शामिल हो। उसके बाद केक वितरित कर कलीसिया के साथ खुशियां मनाई गई। इस दौरान कलीसिया के अनेक लोग उपस्थित थे। इसकी जानकारी मसीह समाज प्रवक्ता अनिमेष दास द्वारा दी गई।

## विधायक ने कोकावाड़ा में लिया एसआईआर की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा

चित्रकोट विधायक विनायक गोयल एसआईआर समीक्षा बैठक लेने ग्राम पंचायत कोकावाड़ा बुधवार को पहुंचे। इस दौरान भाजपा समर्पित बीएलए सहित ग्रामीणों ने बैठक में भाग लिया।

जहां बैठक को सम्बोधन करते हुए दरभा जनपद उपाध्यक्ष पीडी हरीश ने लोगों को विधायक के आगमन का उद्देश्य पर अवगत कराया। वहीं विधायक ने अपने संबोधन में कहा की एसआईआर भारतीय चुनाव और मतदाताओं के



लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण प्रक्रिया हैं। जहां यह सुनिश्चित होगा की भारत के वास्तविक मतदाता कौन हैं और एक मतदाता का नाम एक ही स्थान पर होगा। कोई भी वंचित मतदाता भारतीय चुनाव में मतदान नहीं कर सकेगा। इसके साथ साथ एक भी मतदाता एक से अधिक स्थान पर मतदान नहीं कर सकेगा। उन्होंने आगे कहा की यदि आपको लगता हैं कि आपके गांव में कोई भी व्यक्ति अवैध तरीके से मतदाता बना हुआ हैं और शासकीय योजनाओं का लाभ ले रहा हैं तो उसका विरोध करिए।

उन्होंने भाजपा समर्पित बीएलए टू पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा की बीएलो के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करें की पुनर्रचित मतदाता सूची उचित रूप से तैयार हो गई हैं। कोई भी पात्र मतदाता अपने अधिकार से वंचित न हो और कोई भी व्यक्ति अवैध रूप से मतदाता सूची में सम्मिलित न हो। इसके साथ साथ उन्हें उपस्थित लोगों को विश्वास दिलाया की सरकार जनहित में व्यापक कदम उठा रही हैं।

जनहित के सभी कार्य प्राथमिकता से किये जायेंगे। कार्यक्रम के अंत में उन्होने गायत्री मंदिर का दर्शन किया। उल्लेखनीय हैं कि हाल ही में उन्होंने इस मंदिर का जीर्णोदार कराया हैं। इस कार्यक्रम में अंशु चौहान, मंगला, मन्नू, बाबुल नाग, मुन्नू सिंह, तूफान चौरसिया एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## नाली निर्माण का अध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ किरंदुल

लौह नगरी किरंदुल में वार्ड क्रमांक 3 देवेश मंडल के घर के पास नवीन सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य हेतु पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह एवं वार्ड पार्षद ने पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया। सीसी सड़क एवं नाली लगभग 10 मीटर लम्बा है जो देवेश मंडल के घर से प्रताप के घर तक बनाया जाएगा। यह कार्य शासन द्वारा स्वीकृत विकास योजनाओं के अंतर्गत कराया जा रहा है, जिससे स्थानीय नागरिकों को आवागमन एवं जल निकासी की समस्याओं से राहत मिलेगी। कार्यक्रम में वार्डवासी एवं नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान



अध्यक्ष ने कहा कि जनहित में हर आवश्यक कार्य को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराया जाएगा। यह सड़क और नाली निर्माण क्षेत्र की पुरानी मांग थी, जो अब पूरी होने जा रही है। विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य कराया जाएगा। वार्ड पार्षद देवकी ठाकुर ने सभी लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि शहर के विकास में सभी की सहभागिता जरूरी है, तभी हम बेहतर भविष्य की कल्पना कर सकते हैं। वार्ड में सभी जनता का समस्या का निवारण करने के लिए बिना भेदभाव किए हमेशा खड़े उतरूंगी। कार्यक्रम में मौजूद वार्ड के लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की और शासन व नगर पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह एवं उपस्थित सभी पार्षद का आभार जताया। इस दौरान सीएमओ शशि भूषण महापात्र, पार्षद यशोदा चुन्नम, बी रूपा रानी, के सजी, थॉमस बाबू दुर्गम, गायत्री साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, पूर्व प्रसाद राम किशोर एवं समस्त वार्डवासी उपस्थित थे।

## हिंदू सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब

**भोपालपटनम/ मद्देड़।** भोपालपटनम में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के ग्रामवासियों ने बड़ी संख्या में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। सम्मेलन में धर्म, संस्कृति और संगठनात्मक एकता का संदेश प्रमुख रूप से दिया गया। भोपालपटनम में आयोजित इस भव्य हिंदू सम्मेलन में पूज्य संतों के ओजस्वी प्रवचन, पुजारियों का सम्मान समारोह, भजन-कीर्तन, लोकगीत तथा धर्म-जागरण से जुड़े विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 11 बजे स्थानीय शिव मंदिर प्रांगण से बाजा गाजा नृत्य दल एवं माता बहनों से कलश यात्रा के साथ नृतक



दल एवं आतिशबाजी के साथ विशाल रैली के साथ हुई। जिसमें भारत माता की जय के गगनभेदी नारों के साथ कार्यक्रम स्थल मिनी स्टेडियम पहुंचकर सम्मेलन का शुभारंभ किया गया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य सनातन प्रेमियों को एक मंच पर लाना, हिंदू एकजुटता को सशक्त करना तथा हिंदुओं की आस्था, पहचान और संगठन शक्ति का परिचय कराना रहा।

## उर्मिला का नाम काट माया को सौंपी गई जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी

# कमल की पंखुड़ियों में अब गुटबाजी के कांटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

बीजापुर विधानसभा में भले ही चुनाव अभी दूर हों, लेकिन भारतीय जनता पार्टी में अभी से राजनीतिक रिहर्सल पूरे शबाब पर है। फर्क सिर्फ इतना है कि यहां मुकाबला कांग्रेस से नहीं, बल्कि अपनों के बीच लड़ा जा रहा है। कमल की पंखुड़ियों में अब गुटबाजी के कांटे उग आए हैं। वरिष्ठ नेत्री उर्मिला तोकल को नजरअंदाज कर अपेक्षाकृत कांग्रेस से बीजेपी में शामिल हुई नई कार्यकर्ता माया झाड़ी को महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष बनाए जाने से पार्टी के भीतर सुगबुगाहट नहीं, बल्कि सियासी खलबली मच गई है। जिन नेताओं ने वर्षों तक जंगल, गोलियों और लाल आतंक के साए में संगठन को सींचा था वे आज हाशिये पर खड़े दिख रहे हैं। मोदी शाह की नई भाजपा का असर यहां भी दिख रहा है।

बीजापुर भाजपा में इस समय त्रिकोणीय राजनीति पूरे उफान पर है, एक ओर पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, दूसरी ओर सांसद महेश कश्यप और तीसरी धुरी पर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष वेंकट





गुज्जा है और ये तीनों नेता अपने-अपने झंडे गाड़ने में जुटे हैं, लेकिन पार्टी में चल वही रहा है जिसकी हवा ऊपर तक बह रही है। बाकी दो गुटों में बेचैनी ऐसी है मानो कुर्सी खिसकते ही जमीन भी खिसक गई हो, इस सियासी तमाशे से जिले के प्रभारी नेता एवं वन मंत्री केदार कश्यप ने खुद को अलग-थलग कर लिया है, शायद इसलिए कि जब घर में ही आग लगी हो तो बाहर से पानी डालना बेहतर समझा जाता है।

सबसे दिलचस्प पहलू यह है कि उर्मिला तोकल, जो 1997 से भाजपा के लिए बासागुड़ा-लिंगागिरी जैसे नक्सल प्रभावित इलाकों में डटी रहीं, दो बार सरपंच, जनपद सदस्य, जनपद अध्यक्ष और महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष रह चुकी हैं उनका नाम रास्ते में ही बदल दिया गया क्योंकि अब मोदी, शाह की भाजपा का जादू पूरे प्रदेश में सिर चढ़कर बोल रहा है। सूची नीचे बनी, हस्ताक्षर वरिष्ठों के थे, लेकिन ऊपर पहुंचते-पहुंचते नाम किसी और का हो गया,पार्टी के जमीनी कार्यकर्ताओं के लिए यह फैसला किसी राजनीतिक झटके से कम नहीं है। पांच-छह साल पुरानी सदस्यता और अचानक मिली माया झाड़ी को बड़ी जिम्मेदारी ने यह सवाल खड़ा कर दिया है क्या संगठन में अनुभव अब बोझ बन गया है। अगर यही हाल रहा, तो आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को प्रचार की जरूरत भी नहीं पड़ेगी, क्योंकि भाजपा खुद अपने लिए राह मुश्किल कर रही है।

क्षेत्र के भाजपा नेताओं के लिए बीजापुर विधानसभा सीट का हाथ से निकल जाना कोई बड़ा झटका नहीं दिखता। सत्ता में अपनी ही सरकार होने का भरोसा उन्हें इस कदर निश्चिंत किए हुए है कि विधानसभा की हार का कोई आत्ममंथन तक नहीं किया गया। उलटे, पंचायत चुनावों में मिली सीमित सफलता को ही बड़ी उपलब्धि बताकर खुद को संतुष्ट कर लिया गया है। सत्ता की सुरक्षा ने नेताओं को बेफिक्र बना दिया है, नतीजा यह है कि अब संगठन को मजबूत करने के बजाय पार्टी के भीतर गुटबाजी और आपसी राजनीति हावी होती जा रही है। जमीन से जुड़े मुद्दों और जनता की नाराजगी को नजरअंदाज कर, भाजपा नेतृत्व की यह उदासीनता आने वाले समय में पार्टी के लिए और नुकसानदेह साबित हो सकती है।

### मेरे सम्मान की उपेक्षा

वरिष्ठजनों द्वारा तैयार की गई और हस्ताक्षरित सूची में अध्यक्ष पद हेतु मेरा नाम दर्ज था। ऐसे में जब अंतिम घोषणा में मेरा नाम हटाकर किसी अन्य को नियुक्त किया गया, तो यह मेरे लिए अत्यंत पीड़ादायक और निराशाजनक रहा। यह स्पष्ट रूप से मेरे सम्मान की उपेक्षा है। फिर भी, व्यक्तिगत भावनाओं से ऊपर उठकर मैं पार्टी के हित में ईमानदारी से कार्य करती रहूंगी।

\- उर्मिला तोकल
बीजेपी वरिष्ठ नेता

## पाहुरबेल में विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ घाटलोहंगा

बस्तर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पाहुरबेल में आज विकास कार्यों की सौगात के साथ उत्साह और उल्लास का वातावरण देखने को मिला। विधायक लखेश्वर बघेल के ग्राम आगमन पर ग्रामीणों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। ग्राम पंचायत के विभिन्न स्थानों पर ग्रामीणों, माता-बहनों एवं युवाओं द्वारा पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ विधायक का आत्मीय स्वागत किया गया।

उल्लेखनीय है कि पूर्व में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत पाहुरबेल की माता-बहनों द्वारा पुजारीपारा क्षेत्र में सड़क की जर्जर स्थिति तथा आवागमन में हो रही गंभीर परेशानियों की जानकारी विधायक को दी गई थी। जनसमस्याओं को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने तत्काल विधायक निधि से सड़क निर्माण की घोषणा की थी। इसी क्रम में आज उनकी गरिमामयी उपस्थिति में पुजारीपारा आंगनबाड़ी केंद्र से बली घर तक लगभग 250 मीटर लंबाई की सड़क निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ। इस सड़क निर्माण की कुल लागत 8.23 लाख रुपये है, जिससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में बड़ी राहत और सुविधा प्राप्त होगी। भूमिपूजन कार्यक्रम के पश्चात ग्राम पंचायत पाहुरबेल में नवनिर्मित शेड का विधायक ने लोकार्पण किया इस शेड की निर्माण लागत 8.80 लाख



रुपये है। शेड की उपयोगिता एवं आवश्यकताओं को देखते हुए उन्होंने इसकी कमियों को दूर करने हेतु अतिरिक्त 5 लाख रुपये की तत्काल घोषणा कर ग्रामीणों को एक और बड़ी सौगात दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्र के नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा कि विद्यालयों में बाहर से आने वाले परिजनों को अपने बच्चों से मिलने के लिए कड़ी धूप में खड़े होकर प्रतीक्षा करनी पड़ती थी। इसी प्रकार गांव की माता-बहनों को भी आवागमन के दौरान विशेष वाहन की प्रतीक्षा धूप में इंतजार करनी पड़ती थी। उन्होंने कहा कि इस शेड के निर्माण के बाद अब परिजनों एवं माता-बहनों को कड़कड़ाती धूप से राहत मिलेगी और उन्हें सुरक्षित व सुविधाजनक स्थान उपलब्ध होगा। उन्होंने आगे कहा कि जिस प्रकार ग्रामवासियों द्वारा इस नवनिर्मित शेड को सुंदर आदिवासी कलाकृतियों से सुसज्जित किया गया है, उसी प्रकार इसका संरक्षण एवं रखरखाव करना भी ग्रामवासियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। यह शेड आप सभी की सुविधा के लिए बनाया गया है, अतः इसे सुरक्षित और स्वच्छ बनाए रखना आवश्यक है। इसके पश्चात ग्राम पंचायत पाहुरबेल में ग्राम प्रमुखों द्वारा विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया था। इस दौरान सरपंच जितेंद्री बघेल,उप सरपंच ज्योति बघेल, जगमोहन बघेल लालेन्द्र बाकडे, लक्ष्मण बघेल, गोपाल कश्यप, सत्येन्द्र गागड़ा, घासी कश्यप, लछन कश्यप, रेनु नाग, बुचन नाग, रामगिरि चंद्राकर, चम्पा बाई, बलि राम बघेल, हेमंत सेठिया, दशरथ गोयल, पुनीत कश्यप, फूलसिंह नेताम, हनुराम, केसबो, खखपति, तारासिंह गोयल, जेमा कश्यप, लखीराम गोयल, लखबन्धु भारती, रविंद्र गौरव, प्रेमबती कश्यप, रघुनाथ, जितेंद्र तिवारी, राजेश कुमार, तुलसीराम ठाकुर एवं समस्त कार्यकर्त्तागण व ग्रामवासी उपस्थित रहे।